कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/एफ–1ए/12128/डीपीसी/2021–02420–Part File(2)–4844217 दिनांकःयथा हस्ताक्षर

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
समस्त संभाग।

विषय : अध्यापक पद की 01.04.2022 की स्थिति में वरिष्ठता सूचियों के संबंध में।
सन्दर्भ : कार्मिक विभाग के निर्देश क्रमांकः प–10(4) कार्मिक/क–2/2023–08017 दिनांक 19.08.2025 एवं कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 11.05.2026

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्कूल शिक्षा विभाग स्तर पर विभिन्न पदों के लिये आयोजित किये जाने वाली नियमित डीपीसी, संबंधित डीपीसी वर्ष की 01 अप्रैल की स्थिति में तैयार की गयी वरिष्ठता सूचियों के आधार पर सम्पन्न करवायी जानी है। उक्त क्रम में अध्यापक पद की 01.04.2022 की स्थिति में वरिष्ठता सूचियों के संबंध में संदर्भित पत्र दिनांक 11.05.2026 द्वारा करणीय कार्यवाही हेतु कार्यक्रम जारी कर आपको निर्देशित किया गया है।

राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2021 की अनुसूची–II अधीनस्थ सेवा पद में वर्णितानुसार वरिष्ठ अध्यापक पद पर पदोन्नति हेतु अध्यापक एवं प्रयोगशाला सहायक को फीडर पद के रूप में प्रदर्शित किया गया है। प्रयोगशाला सहायक से वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक पद पर नियमित पदोन्नति आपके कार्यालय स्तर से संपादित करवाये जाने के कारण प्रयोगशाला सहायक पद पर कार्यरत कार्मिकों की सत्रवार वरिष्ठता सूची आपके पास पूर्व में ही संधारित है तथा इस कार्यालय के पत्र दिनांक 11.05.2026 में वर्णित समय सारणी के क्रम संख्या–4 के अनुसार मिश्रित अस्थायी वरिष्ठता सूची दिनांक 10.06.2026 तक आपके कार्यालय द्वारा जारी की जानी है।

अतः उक्तानुसार मिश्रित अस्थायी वरिष्ठता सूची में राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2021 के प्रावधानानुसार वरिष्ठ अध्यापक पद पर पदोन्नति हेतु प्रयोगशाला सहायक के पात्र कार्मिकों को भी सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करावें।

(सीताराम जाट)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ),समसा

RajKaj Ref No.:
22423553

Signature Not Verified
Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :25-05-2026 02:18:07